

दूसरी बार प्लेऑफ में पहुंची है राजस्थान

राजस्थान की 14 मैचों में यह नौवीं जीत है। टीम के नाम लखनऊ सुपर जायंट्स के बराबर 18 अंक है लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण वह दूसरे स्थान पर है। राजस्थान रॉयल्स टीम दूसरी बार प्लेऑफ में पहुंची है। इससे पहले उसने शेन वॉर्न की कप्तानी में 2008 में टॉप–4 में पहुंचने की उपलब्धि हासिल की थी। इस सीजन का खिताब भा उसने अपने नाम करते हुए पहली चौंपियन बनने का गौरव हासिल किया था।

## अब एक स्पॉट के लिए दिल्ली और आरसीबी में 'जंग'

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुबंई। टारगेट बड़ा नहीं था लेकिन राजस्थान रॉयल्स के पांचवां विकेट 112 पर गिरा तो चेन्नई सुपरकिंग्स की उम्मीदें जगनी लगी थीं। हालांकि, पांचवें नंबर पर बैटिंग करने उतरे रविचंद्रन अश्विन मजबूत इरादे के साथ क्रीज पर जमे हुए थे। छठे विकेट के लिए रियान पराग (10 रन) के साथ केवल 3.2 ओवर्स में 39 रन जोड़ते हुए उन्होंने टीम को दो गेंद बाकी रहते मंजिल तक पहुंचा दिया। सीजन के अपने आखिरी लीग मैच में इस जीत के साथ ही राजस्थान की टीम ने दूसरे स्थान पर रहते ही प्लेऑफ के लिए क्वॉलिफाइ कर लिया। चेन्नई की टीम का सफर केवल चार जीत के साथ खत्म हुआ। इसके साथ ही गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपरजांयट्स के बाद प्लेऑफ का टिकट कटाने वाली राजस्थान तीसरी टीम बनी। हालांकि, नेट रन रेट के आधार पर वह लखनऊ से ऊपर दो नंबर पर पहुंच गई है और अब उसे फाइनल में पहुंचने के लिए दो मौके भी मिलेंगे। टूर्नामेंट का पहला क्वॉलिफायर गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच 24 मई को कोलकाता के ईडन गार्डंस स्टेडियम में खेला जाएगा।

# विराट कोहली ने क्रिकेट से ब्रेक लेने का किया इशारा

क्रिकेट

## लेकिन इनसे बात करने के बाद ही लेंगे आखिरी फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली का फार्म इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। वो पिछले कई साल से बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे हैं और ना ही कोई शतक लगा पा रहे हैं। कोहली की इस खराब फार्म को देखते हुए कई पूर्व दिग्गजों ने उन्हें क्रिकेट से कुछ दिन के लिए ब्रेक लेने की सलाह दी जिसमें टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री भी शामिल हैं। वैसे कोहली ने आइपीएल 2022 में अपनी टीम के लिए खेले आखिरी लीग मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 73 रन की पारी खेली थी और अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।



विराट कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ अपनी ब्रेक वाली बात पर चर्चा की और रवि शास्त्री के सुझाव पर बात करते हुए स्वीकार किया कि उनके लिए एक ब्रेक फायदेमंद हो सकता है, लेकिन उससे पहले उन्हें टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ और टीम मैनेजमेंट के साथ इस पर चर्चा करने की जरूरत है।

कोहली ने कहा कि रवि भाई ने मुझे ब्रेक लेने की सलाह दी है और ऐसा इस वजह से है क्योंकि उन्होंने पिछले छह–सात वर्षों में उस स्थिति की वास्तविकता को करीब से देखा है जिसमें मैं रहा हूं। मैंने जितनी क्रिकेट खेली है और उतार–चढ़ाव देखा है साथ ही क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में मैंने कप्तानी की है साथ ही साथ पिछले 10–11 साल से मैं आइपीएल में खेल रहा हूं जिसमें सात साल तक मैं आरसीबी का कप्तान भी रहा।

कोहली ने आगे कहा कि अब ब्रेक लेना और कब ब्रेक लेना है ये कुछ ऐसा है जिस पर मुझे काल लेने की जरूरत है, लेकिन किसी के लिए कुछ समय निकालना और मानसिक और शारीरिक रूप से खुद को फिर से जीवंत करना केवल एक स्वस्थ निर्णय है।


उन्होंने कहा कि ब्रेक लेने से पहले मैं टीम के कोच राहुल द्रविड़ और टीम मैनेजमेंट से चर्चा करूंगा कि मेरे लिए क्या सही होगा साथ ही टीम के लिए भी ये कैसे हितकारी हो सकता है। आपको बता दें कि आइपीएल 2022 में कोहली ने आरसीबी के लिए खेले 14 लीग मैचों में 23.77 की औसत से 309 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 117.93 का रहा है।

# हार के बाद धोनी ने बताया– कहां गच्चा खा गई सीएसके

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुबंई। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र के अपने आखिरी मैच को पांच विकेट से गंवाने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने कहा कि उनके बल्लेबाजों ने 10 से 15 रन कम बनाये। राजस्थान ने जीत के लिए मिले 151 रन के लक्ष्य को दो गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। चेन्नई के लिए 19 गेंद में अर्धशतक पूरा करने वाले मोईन अली ने 57 गेंद की पारी में 93 रन बनाये।

धोनी ने कहा, 'बीच के ओवरों में जल्दी–जल्दी विकेट गंवाने का खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा। इसके बाद मोईन को धीमी बल्लेबाजी करनी पड़ी। हमारे



बल्लेबाजों ने 10 से 15 रन कम बनाये।' सत्र में टीम के निराशाजनक अभियान के बाद भी धोनी ने इस बात पर खुशी जताई की टीम के युवा खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन में काफी सुधार किया।

उन्होंने कहा, 'हमारे कई खिलाड़ियों ने काफी सुधार किया है। मुकेश (चौधरी) अपने पहले मैच के मुकाबले आखिरी मैच में काफी अलग थे। हमने जिन खिलाड़ियों को भी प्रयोग किया, उन्होंने काफी कुछ सीखा है। हमारे मलिंगा(पथिराना) ने भी बढ़िया गेंदबाजी की है। अगले साल वह बढ़िया प्रदर्शन करेंगे।'' राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने मैच में वापसी का श्रेय टीम के गेंदबाजों को दिया।

सैमसन ने कहा, 'शुरुआत में मोईन अली जैसा खेल रहे थे उससे लगा कि बड़ा स्कोर बनने वाला है। हालांकि उसके बाद हमारे गेंदबाजों ने बहुत बढ़िया वापसी की। आज अश्विन ने जैसी बल्लेबाजी की वह अद्भुत था।' अपने हरफनमौला खेल (एक विकेट और नाबाद 40 रन) के लिए मैन ऑफ द मैच चुने गये अश्विन ने कहा, 'यह हमारे लिए एक बढ़िया दिन रहा। हमने लीग चरण को सकारात्मक तरीके से खत्म किया है। मैंने नेट पर बल्लेबाजी का काफी अभ्यास किया।

## चहल ने हसरंगा को पीछे छोड़ा, बने पर्पल कैप के दावेदार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में अब तक हुए मुकाबलों में बल्ले और गेंद का जबरदस्त रोमांच देखने को मिला है। इस सीजन में आइपीएल इतिहास की दो सबसे सफल टीमें प्वाइंट्स टेबल में नीचे तो पहली बार खेल रही दो टीमें टाप चार में बने हुए हैं। इस सीजन में अब तक हुए मैचों की बात करें तो यहां कुछ टीमों ने 200 से ज्यादा का स्कोर भी खड़ा किया है तो कुछ 68 जैसे लो स्कोर पर भी आउट हुए हैं। इसलिए हर बार की तरह इस बार भी गेंदबाजों में पर्पल कैप को लेकर होड़ मची हुई है। वर्तमान में इस सूची में एक बार फिर से राजस्थान रायल्स के गेंदबाज युजवेंद्रा सिंह चहल पर्पल कैप की रेस में पहले नंबर पर आ गए हैं। सीएसके के खिलाफ दो विकेट लेने का बाद उनके विकेट की संख्या 26 हो गई है। चहल ने 14 लीग मैचों में अब तक कुल 24 विकेट लिए हैं। वहीं वानिंदू हसरंगा अब दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं और उनके अब 14 मैचों में 24 विकेट हैं, लेकिन इकोनामी के मामले में हसरंगा चहल से बेहतर हैं।

## न्यूज डायरी :



## पीवी सिंधु थाइलैंड ओपन के सेमीफाइनल में हारीं, ओलिंपिक चैंपियन ने तोड़ा दिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बैंकाक। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु शनिवार को सेमीफाइनल में ओलिंपिक चैम्पियन चेन यु फेई से सीधे गेम में पराजित होकर थाइलैंड ओपन से बाहर हो गयीं। दो बार की ओलिंपिक पदक विजेता सिंधु तीसरी वरीयता प्राप्त चेन से 43 मिनट में 17–21 16–21 से हार गयी जिससे उनका सुपर 500 टूर्नामेंट में शानदार सफर खत्म हो गया। छठी वरीयता प्राप्त सिंधु का इस मैच से पहले चेन के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 6–4 था लेकिन वह चीन की इस खिलाड़ी के खिलाफ वैसा दमदार प्रदर्शन नहीं कर सकीं। वहीं चेन ने आक्रामक बैडमिंटन खेलकर जीत हासिल की। हैदराबाद की 26 वर्षीय खिलाड़ी को पिछली बार चेन से 2019 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में हार मिली थी। सिंधु पहले गेम में 3–3 की बराबरी के बाद ब्रेक तक 7–11 से पिछड़ रही थीं। चेन ने रैलियों से दबदबा बनाना जारी रखा और पांच गेम प्वाइंट बरकरार रखे।

## शिमरन हेटमायर की बीवी पर कॉमेंट कर बुरे फंसे सुनील गावस्कर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुबंई। कैरेबियाई धाकड़ बल्लेबाज शिमरन हेटमायर हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग से ब्रेक लेकर स्वदेश लौटे थे। उनकी वाइफ प्रेग्नेंट थीं और डिलवरी के बाद वह एक बार फिर राजस्थान रॉयल्स से जुड़ गए। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में हिस्सा भी लिया। जब वह बैटिंग करने उतरे तो सुनील गावस्कर ने कॉमेंट्री के दौरान एक बात कह दी, जो लोगों को बुरी लग गई। क्रिकेट फैस अब महान क्रिकेटर को ट्रोल कर रहे हैं और कॉमेंट्री से हटाने की मांग भी कर रहे हैं। दरअसल, जब हेटमायर मैदान पर आए तो राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए महत्वपूर्ण रन बनाने थे। उन्होंने कहा– शिमरन हेटमायर की वाइफ ने तो डिलिवर कर दिया, क्या वह राजस्थान रॉयल्स के लिए डिलिवर (रन बनाएंगे) करेंगे? इस पर लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। कुछ लोगों ने उन्हें कॉमेंट्री से हटाने की मांग भी की। हालांकि, वह 7 गेंदों में 6 रन बनाकर आउट हो गए।

## रोहित शर्मा या मोईन अली किसने दी टाटा पंच कार को गहरी चोट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग के 2022 सीजन में दो बार ऐसा हुआ जब किसी बल्लेबाज ने प्रमोशन के लिए स्टेडियम में खड़ी टाटा पंच कार को हिट किया। कार को चोट पहुंचाने से असम में पाए जाने वाले एक सींग वाले काजीरंगा के गैंडों को बड़ा फायदा पहुंचा। दरअसल, ऐसा करने से काजीरंगा नेशनल पार्क को गिफ्ट में 5–5 लाख रुपये मिले। पहले रोहित शर्मा और अब मोईन अली ने टाटा पंच तक गेंद पहुंचाने के साथ ही नेक काम में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। राजस्थान के खिलाफ चेन्नई की पारी का 7वां ओवर युजवेंद्र चहल लेकर आए। इस वक्त मोइन अली काफी तेजी से रन बना रहे थे। ओवर की चौथी गेंद पर चहल की गेंद पर अली ने चौका जड़ा मगर बॉल बाउंड्री वॉल से टकराकर सीधे टाटा पंच कार पर जा लगी। यह दूसरा मौका था जब टाटा पंच से गेंद टकराई।

## आरेंज कैप की रेस में पहले नंबर पर जोस बटलर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइपीएल सीजन 2022 के लीग मुकाबले अब लगभग खत्म होने को हैं। इस सीजन में अब तक कुल 68 मैच खेले जा चुके हैं और इन मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने की लिस्ट में पहले नंबर पर राजस्थान रायल्स के ओपनर बल्लेबाज जोस बटलर हैं। शुक्रवार को सीएसके के खिलाफ जोस बटलर का बल्ला नहीं चला और उन्होंने सिर्फ दो रन बनाए, लेकिन इसके बावजूद वो आरेंज कैप की लिस्ट में पहले नंबर पर बने हुए हैं। बटलर ने अब तक 14 मैचों में 48.38 की औसत से 629 रन बनाए हैं जिसमें तीन शतक शामिल है। जोस बटलर के बाद रन बनाने के मामले में दूसरे स्थान पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल मौजूद हैं।